# रसोई गैस संकट के चलते इंदौर में बदला ईंधन

▶ लकड़ी, कोयला और कंडे की बढ़ी मांग, होटल-रेस्टोरेंट ने निकाला विकल्प



**शैलेन्द्र कश्यप**

**इंदौर.** शहर में इन दिनों रसोई गैस की किल्लत और बढ़ती कीमतों ने आम लोगों से लेकर होटल-रेस्टोरेंट व्यवसायियों तक को परेशानी में डाल दिया है. एक ओर प्रशासन द्वारा गैस आपूर्ति को लेकर सख्त नियम लागू किए गए हैं- जैसे 25 दिन बाद ही रिफिल की अनुमति- वहीं दूसरी ओर कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति पर रोक ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है. नतीजतन, लोग अब ईंधन विकल्पों की ओर लौटने लगे हैं. गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लंबी लाइनें आम हो गई हैं. उपभोक्ता घंटों खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन सीमित आपूर्ति के कारण सभी को समय पर सिलेंडर मिलना संभव नहीं हो पा रहा.

**होटल-रेस्टोरेंट का बदला सिस्टम**- कमर्शियल गैस की कमी से सबसे ज्यादा असर होटल और रेस्टोरेंट कारोबार पर पड़ा है. रेस्टोरेंट संचालक रोहित बताते हैं गैस खत्म होने के बाद हमें 2-3 दिन दुकान बंद रखनी पड़ी. अब मजबूरी में भट्टी खरीदकर कोयला और लकड़ी से समोसे-कचोरी बना रहे हैं. होटल संचालक मिथिलेश का कहना है कि गैस न होने से घर और होटल दोनों का काम प्रभावित हुआ. अब लकड़ी का इस्तेमाल कर रहे हैं, वरना व्यापार बंद हो जाता.

**प्रशासनिक नियमों पर उठ रहे सवाल**- गैस रिफिल पर 25 दिन का नियम और कमर्शियल सिलेंडर की कमी ने व्यापारियों और आम जनता दोनों को मुश्किल में डाल दिया है. लोग प्रशासन से राहत की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि रोजमर्रा की जिंदगी और व्यवसाय फिर से सामान्य हो सकें. इंदौर में गैस संकट ने न केवल लोगों की रसोई बल्कि पूरे व्यापारिक ढांचे को प्रभावित किया है. आधुनिक ईंधन से हटकर लोग फिर से पारंपरिक साधनों- कोयला, लकड़ी और कंडे—की ओर लौट रहे हैं. अगर जल्द समाधान नहीं निकला, तो यह बदलाव लंबे समय तक देखने को मिल सकता है.

## कंडे (उपले) भी बने सहारा

गैस संकट का असर इतना गहरा है कि अब लोग पारंपरिक ईंधन कंडे (उपले) की ओर भी लौट रहे हैं. विक्रेता शांति बाई कहती हैं पहले सिर्फ होली पर ही कंडे बिकते थे, लेकिन अब रोजाना लोग खरीद रहे हैं. गैस की किल्लत ने पुराने दिन याद दिला दिए. इंदौर के कई इलाकों में 10-15 दुकानों पर कंडे बिकते देखे जा रहे हैं.







## कोयला और लकड़ी के कारोबार में उछाल



तेजिंदर सिंह खनूजा

गैस संकट ने कोयला और लकड़ी के व्यवसाय को अचानक बढ़ावा दे दिया है. 50 साल से कोयला व्यवसाय कर रहे राजेंद्र सिंह खनूजा बताते हैं पहली बार कोयले की इतनी मांग देख रहे हैं. पहले गैस आसानी से मिलने से यह काम लगभग बंद हो गया था, लेकिन अब फिर से तेजी आ गई है. तेजिंदर सिंह खनूजा के अनुसार उनकी दुकान पर कई प्रकार के कोयले उपलब्ध हैं. इसमें लकड़ी का कोयला 40 रुपए प्रति किलो, हार्ड कोर 40 रुपए, नट कोयला 70 रुपए और नालीदार कोयला 15 रुपए प्रति किलो है. चाइना हार्ड कोयला महंगा लेकिन मांग में है. अब होटल-रेस्टोरेंट के साथ-साथ आम लोग भी थोड़ी मात्रा में कोयला खरीदकर घर में स्टॉक रखने लगे हैं.

## वेस्ट लकड़ी की भी बढ़ी कीमत



सुनील विश्वकर्मा

लकड़ी का फर्नीचर बनाने वाले कारीगरों के पास भी अब ग्राहकों की संख्या बढ़ गई है. ईश्वर शर्मा और सुनील विश्वकर्मा बताते हैं पहले वेस्ट लकड़ी सस्ती में बेचते थे, लेकिन अब मांग बढ़ने से 5 से 10 रुपए प्रति किलो में भट्ठियों के लिए बेची जा रही है. स्टॉक भी तेजी से कम हो रहा है.

# इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन सड़क का दिसंबर में काम पूरा करने का लक्ष्य

▶ दोनों ओर से 12.5 - 12.5 मीटर चौड़ी हो रही है 45 किलोमीटर लंबी सड़क



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** इंदौर-उज्जैन रोड सड़कों की 6 सिक्स लेन चौड़ा करने का काम चल रहा है. उक्त 45 किलोमीटर लंबी 4 लेन सड़क को दोनों ओर से 12.5 मीटर चौड़ी कर 6 लेन सड़क में तब्दील किया जा रहा है. खास बात यह है कि उक्त सड़क का निर्माण दिसंबर में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है. हालांकि ठेकेदार एजेंसी अधिकारियों से अगस्त में काम ही पूरा करने का दावा कर रही है.

सिंहस्थ को देखते हुए प्रदेश सरकार के एमपीआरडीसी विभाग द्वारा इंदौर उज्जैन सड़क चौड़ीकरण कार्य चल रहा है. उक्त सड़क चौड़ीकरण का कार्य एमपीआरडीसी ने उदयपुर की रवि इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी 623 करोड़ रुपए से किया है. इसके तहत वर्तमान इंदौर उज्जैन सड़क के दोनों ओर से 4 लेन की जगह 6 चौड़ाई की बनाई जा रही है, लेकिन सड़क दोनों ओर सर्विस रोड नहीं बनाना, सड़क निर्माण की बड़ी चूक नजर आ रही है. इंदौर उज्जैन सड़क चौड़ीकरण कार्य का अक्टूबर 2023 में अनुबंध किया गया है और सड़क का काम जनवरी 2024 में शुरू हो गया था. यह सड़क आगामी 2028 के सिंहस्थ को लेकर चौड़ी की जा रही है. वर्तमान में सड़क पर 8 फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य चल रहा है. फ्लाई ओवर के अतिरिक्त मेन सड़क का निर्माण कार्य 80 प्रतिशत पूरा होने के कगार पर है. ध्यान रहे कि एमपीआरडीसी ने उदयपुर की रवि इन्फ्रा के साथ 623 करोड़ में सड़क बनाने का अनुबंध किया है. एमपीआरडीसी ने उक्त इंदौर-उज्जैन सड़क चौड़ीकरण की अनुमानित लागत 735 करोड़ रुपए मानी थी, लेकिन करीब 105 करोड़ रुपए कम में करार किया. उक्त सड़क बनने के बाद इंदौर से उज्जैन की यात्रा मात्रा 30 मिनिट में पूरी हो जाएगी. अरविंदो हॉस्पिटल से महांकल गेट उज्जैन तक 45 किलोमीटर लंबी सड़क है, जो भविष्य में यातायात को सुगमता देगी.

**रेलिंग, संकेतक के कार्य बाकी**-एमपीआरडीसी के कार्यपालन यंत्री गगन भाभर ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण कार्य पूरा करने का समय जनवरी 27 है, लेकिन सड़क दिसंबर में पूरी हो जाएगी. निर्माण एजेंसी अगस्त का बोल रही है, लेकिन हम दिसंबर तय करके ही आगे बढ़ रहे है, क्योंकि सड़क पार रोड सेफ्टी और संकेतक से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रेलिंग सहित अन्य कार्य भी करना बाकी है.

## सर्विस लेन नहीं बना रहे

44 किलोमीटर लंबी सड़क के दोनों ओर 12.5 मीटर चौड़ाई बढ़ाई जा रही है. खास बात यह है कि उक्त सड़क निर्माण में सरकार को जमीन अधिग्रहण नहीं करना पड़ा है. सड़क के दोनों ओर साइड क्लियर होने से सड़क निर्माण कार्य समय पर पूरा करने का दावा किया जा रहा है. इसका कारण यह है कि सिक्स लेन के दोनों तरफ पूर्ण सर्विस लेन नहीं बनाई जा रही है. शायद सरकार को सर्विस लेन के लिए जमीन अधिग्रहण करना पड़ता, इसलिए अधिकारियों ने बिना सर्विस लेन बनाए ही चौड़ीकरण करने का निर्णय लिया है. सर्विस रोड का प्रावधान नहीं करने से भविष्य में सड़क पर दुर्घटना के मामले ज्यादा संख्या में होने संभावना स्वत: ही बढ़ गई है. खैर, ताजा मामला यह है कि एमपीआरडीसी ने इंदौर उज्जैन 6 लेन सड़क चौड़ीकरण कार्य दिसंबर में पूरा करने का लक्ष्य रखा है. मौके पर सड़क पर चल रहा काम इस बात को पुख्ता भी करता है.

### एक नजर में

## साईं कृपा कॉलोनी में बाने का कार्यक्रम संपन्न



**इंदौर.** साईं कृपा कॉलोनी में रंगारंग गणगौर के बाने का कार्यक्रम संपन्न हुआ. कार्यक्रम में महिलाओं ने शामिल होकर भाग लिया और सफल बनाया. कविता बोलकर, विनीता सिंघल ने भाग लिया. ज्योति, अपेक्षा, अनीता, सोनाली, प्रियंका, गरिमा सुषमा और संगीता ने भाग लिया एबं कार्यक्रमों मे भाग लेकर विजेता बनी.

## एसबीआई म्यूचुअल फंड ने सेबी में दाखिल किए ड्रॉफ्ट पेपर्स

**इंदौर.** देश की सबसे बड़ी फंड हाउस, एसबीआई म्यूचुअल फंड ने आईपीओ के जरिए फंड जुटाने के लिए सेबी के पास अपने शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं. ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, यह पूरा इश्यू ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के तहत होगा, जिसमें करीब 20.37 करोड़ इक्विटी शेयर्स बेचे जाएँगे। इसमें कंपनी की तरफ से कोई नया शेयर जारी नहीं किया जाएगा। इस ऑफर के तहत प्रमोटर्स, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और अमुंडी इंडिया होल्डिंग अपनी हिस्सेदारी कम करेंगे. एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड, एसबीआई और पेरिस स्थित अमुंडी के बीच एक जॉइंट वेंचर है, जिसमें दोनों की हिस्सेदारी क्रमश: 61.98 प्रतिशत और 36.40 प्रतिशत है. दिसंबर 2025 तक कंपनी का क्वार्टरली एवरेज एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (क्यूएएयूएम) करीब 12.5 लाख करोड़ रुपए रहा, जिससे यह देश की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी बनी हुई है. एसबीआई म्यूचुअल फंड की स्थापना 1987 में एसबीआई द्वारा की गई थी और यह भारत का पहला नॉन-यूटीआई म्यूचुअल फंड था. इस इश्यू को मैनेज करने के लिए कई मर्चेंट बैंकर नियुक्त किए गए हैं.

## हंगामा ओटीटी का क्राइम ड्रामा 'जंग' रिलीज

**इंदौर.** हंगामा ओटीटी ने अपना नया क्राइम ड्रामा 'जंग' रिलीज कर दिया है, जो 18 मार्च से स्ट्रीम हो रहा है. गुजरात के अलंग शिप ब्रेकिंग यार्ड के सख्त और बेरहम माहौल में बनी यह सीरीज धोखे, जिंदा रहने की जद्दोजहद और छुपे सच की कहानी दिखाती है. कहानी के केंद्र में है कावेरी, एक ऐसी गृहिणी जो अपने शांत और साधारण पति बकुल के साथ बिना प्यार वाली शादी में जी रही है. अकेलेपन से निकलने के लिए वह एक स्क्रैपयार्ड में काम करने वाले व्यक्ति के करीब आ जाती है. शुरुआत में यह बस एक भावनात्मक सहारा लगता है, लेकिन जल्द ही मामला ब्लैकमेल तक पहुंच जाता है और कावेरी अपराध, साजिश और हत्या के खतरनाक जाल में फंसती चली जाती है. आखिर में खुलासा होता है कि कावेरी एक बहुत बडे खेल का हिस्सा बन चुकी है, जिसे उसका अपना पति चला रहा है। वह गुप्त रूप से एक ताकतवर ड्रग साम्राज्य चला रहा है और कावेरी को अपने दुश्मनों को खत्म करने के लिए इस्तेमाल कर रहा है. सस्पेंस, इमोशन और हाई ड्रामा का मेल 'जंग' को खास बनाता है। यह सीरीज ताकत, धोखे और जुझारूपन जैसे पहलुओं को एक दमदार और अलग लोकेशन में दिखाती है.

## सिम्प्लेक्स कास्टिंग्स ने बड़े ऑर्डर जीतने की घोषणा की

**इंदौर.** प्रिसिजन मेटालर्जी और कास्टिंग सॉल्यूशंस कंपनी, ने आज एसएमएस ग्रुप से कोक ओवन डोर्स की आपूर्ति के लिए 23.13 करोड़ रुपए के महत्वपूर्ण ऑर्डर जीत की घोषणा की. इस नए ऑर्डर के साथ, मार्च 2026 महीने के लिए कंपनी का कुल ऑर्डर बुक 61.98 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जो कंपनी के लिए व्यवसाय में मजबूत वृद्धि को दर्शाता है. सिम्प्लेक्स कोक ओवन डोर्स का विश्व का अग्रणी निर्माता बना हुआ है, और ये नए ऑर्डर हमारी बेजोड़ गुणवत्ता, विश्वसनीयता और ज़ीरो-लीकेज कोक ओवन बैटरियों के लिए हमारी उन्नत तकनीकी क्षमता को साबित करते हैं. ये सभी काम मुख्य रूप से ट्रायल या क्वालिफिकेशन स्टेज के ऑर्डर हैं, जो बड़े और महत्वपूर्ण ग्राहकों से मिले हैं. सिम्प्लेक्स के चेयरमैन और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर केतन शाह ने कहा ये ऑर्डर मिलना सिम्प्लेक्स के मैनेजमेंट के लिए बेहद संतोषजनक है, न सिर्फ इसलिए कि इससे हमारी ऑर्डर पाइपलाइन बढ़ती है, बल्कि इसलिए भी कि ये उच्च गुणवत्ता और प्रतिष्ठित ग्राहकों का प्रतिनिधित्व करती हैं. भेल और थिस्सेन क्रूप्प जैसी संस्थाओं से व्यवसाय हासिल करना, हमारे इंजीनियरिंग मानकों, एक विश्वसनीय सप्लाई चेन पार्टनर के रूप में हमारी विश्वसनीयता, और वैश्विक स्टील उद्योग द्वारा हम पर रखे गए विश्वास का सीधा प्रमाण है.

# सामान जब्ती के बाद आयोजकों ने 30 लाख ओर जमा कराए

▶ पंजाबी सिंगर करण औजला के शो के मनोरंजन कर का मामला




**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में नगर निगम की सख्ती और सामान जब्ती की कार्रवाई के बाद 30 लाख रुपए आयोजकों ने ओर जमा किया है. नगर निगम ने कल शो खत्म होने के बाद आज सुबह 3 तीन ट्रक समान जप्त कर लिया था. उक्त मामले की खास बात यह है निगम ने आयोजकों को ऑनलाइन टिकट बिक्री का डाटा देने का दो दिन का समय दिया है. इसी शर्त पर जब्त सामान छोड़ा है.

शहर में कल रात पंजाबी सिंगर करण औजला के शो हुआ था. सिंगर ओजला के शो के 3299 से लेकर 6.49 लाख रुपए तक ऑनलाइन टिकट बिक्री होना बताया गया है. शो आयोजकों ने नगर निगम के 10 प्रतिशत मनोरंजन टैक्स जमा करने में बहुत आनाकानी की. नगर निगम ने आयोजन के अनुमति पद रोक लगाते हुए मौके पर काम रूकवा दिया था. फिर आयोजकों से कल शाम 27 लाख रुपए मनोरंजन कर के वसूले थे और शो होने दिया. आज सुबह नगर निगम ने फिर सख्ती दिखाते हुए दोबारा मौके पर धावा बोला और तीन ट्रक सामान जब्त करने की कारवाई की गई. निगम परिसर में ट्रक खड़े करवा लिए. बताया जा रहा है कि निगम को मिली राशि अपेक्षा से कम थी और मामला बड़ा होने के चलते अधिकारियों ने दोबारा जांच और कार्रवाई का फैसला लिया. इसी के तहत जोन 10 की टीम ने झोनल अधिकारी मिश्रा, सीएसआई और रिमूवल टीम ने कार्रवाई की. उक्त कार्रवाई से आयोजकों में हड़कंप मच गया.

**नियमों से समझौता नहीं**-सूत्रों के अनुसार आयोजक निगम की कार्रवाई के बाद असमंजस में पड़ गए. अंदरखाने यह चर्चा भी है कि आयोजकों ने प्रभावशाली लोगों से भी संपर्क किया, लेकिन उनकी कोशिश भी काम नहीं आई. इसके बाद आज शाम को आयोजकों से निगम के खाते में 30 लाख रुपए ओर जमा कराए. उसके बाद तीनों ट्रक छोड़ने की कारवाई की गई.

## 57 लाख रुपए मनोरंजन कर राशि वसूली

नगर निगम के अपर आयुक्त आकाश सिंह ने बताया कि शो आयोजकों से 30 लाख रुपए ओर जमा कराए गए है. नगर निगम ने अभी तक 57.70 लाख की राशि मनोरंजन टैक्स की वसूल की है. जब्त ट्रक इस शर्त पर छोड़े है कि आयोजक दो दिन में निगम को ऑनलाइन टिकट बिक्री का डाटा देंगे. उसके बाद आगे ओर कार्रवाई की जाएगी.

नगर निगम की सख्ती से इवेंट आयोजकों में साफ संदेश चला गया है कि नियमों से समझौता नहीं, चाहे आयोजन कितना भी बड़ा क्यों नहीं हो.

# मध्य प्रदेश विकास की दृष्टि से बहुत पिछड़ गया : नाथ

**इंदौर.** मध्यप्रदेश विकास की दृष्टि से देश के अन्य राज्यों से बहुत पिछड़ गया है. शहर में मेट्रो हो या छिंदवाड़ा में एयरपोर्ट निर्माण यह सब कांग्रेस की देन है. आज महंगाई की क्या हालत है, यह जनता जानती है.



यह बात छिंदवाड़ा के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने शहर प्रवास के दौरान कही है. छिंदवाड़ा के पूर्व सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ आज इंदौर आए थे. पूर्व सांसद नकुलनाथ पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा की पत्नी के देहांत पर शोक व्यक्त करने उनके घर पहुंचे थे. इसके बाद पूर्व शहर अध्यक्ष विनय बाकलीवाल के घेर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की. इस दौरान नकुलनाथ ने कहा कि मैं आज कोई राजनीतिक बात करने नहीं आया हूं. सज्जन वर्मा की पति के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने आया हूं. इंदौर में मेट्रो रेल कांग्रेस की 18 महीने की सरकार की देन है. इसी तरह प्रदेश के मुख्यमंत्री छिंदवाड़ा में एयरपोर्ट निर्माण की बात कर रहे है, उसकी भी स्वीकृति कांग्रेस सरकार ने दी थी. इतने सालों में भाजपा का परिवर्तन आपने और जनता ने देख लिया. 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने का कहा था? आज कितने का है? महंगाई से जनता त्रस्त है. आज मध्यप्रदेश विकास की दृष्टि से देश के अन्य राज्यों से बहुत पिछड़ गया है.

# इंदौर विमानतल पर प्रस्तावित सुविधाओं का उद्घाटन स्थगित

**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के निर्देश पर लिया गया निर्णय**

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर.** 24 मार्च को इंदौर विमानतल पर प्रस्तावित विभिन्न यात्री सुविधाओं के उद्घाटन कार्यक्रम को आगामी सूचना तक स्थगित कर दिया गया है. यह निर्णय भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (नई दिल्ली) के निगमित मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार लिया गया.

**इन सुविधाओं का होना था उद्घाटन**-निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत टर्मिनल-1 पर ओटीबी उड़ान, यात्री कैफे, वाई-फाई, फ्लाई लाइब्रेरी, किड्स प्ले जोन, 'अवसर' तथा रिमोट एसएचए सहित कई नई सुविधाओं का उद्घाटन प्रस्तावित था. अगली तिथि की प्रतीक्षा है. फिलहाल सभी कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया गया है.

# शहीद दिवस पर आज शाम निकलेगी मशाल यात्रा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** सोमवार शाम शहीद दिवस पर शहर में संस्था संघमित्र द्वारा मशाल यात्रा निकाली जाएगी. मशाल यात्रा फूटी कोठी चौराहे से महूनाका महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थल तक निकलेगी. यात्रा का समापन भारत माता की आरती करके किया जाएगा.

23 मार्च को देश में शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है. आज के दिन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगत सिंह, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु को फांसी दी गई थी. उक्त तीनों महान शहीदों की स्मृति में शहर में प्रतिवर्ष मशाल यात्रा निकाली जाती है. महापौर पुष्यमित्र भार्गव और



संस्था संघमित्र द्वारा पिछले कई वर्षों से शहीद दिवस पर विशेष रूप से मशाल यात्रा निकाली जाती है. यात्रा का उद्देश्य आज की नई पीढ़ी को भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वाले सेनानियों की शहादत की कहानी से परिचय कराना है. संस्था संघमित्र के प्रबल भार्गव, मुकेश शर्मा, जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि मशाल यात्रा फूटी कोठी चौराहा से प्रारंभ होकर महाराणा प्रताप चौराहा तक जाएगी. यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी के लिए सामाजिक संस्थाओं और प्रबुद्ध गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया है, जिनके हाथों में मशाल ओर भगवा ध्वज होगा. साथ ही यात्रा में देशभक्ति के नारे और गीत गूंजेंगे. अंत में भारत माता की आरती के साथ समापन होगा.

**एक नजर में** ▶ आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के मातृशक्ति प्रकोष्ठ का आयोजन, 40 महिलाओं ने किया वृत का सामूहिक उद्यापन

# महिलाओं ने परंपरागत परिधान में निकाला गणगौर का भव्य बाना

**इंदौर.** आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास की मेजबानी में विद्याधाम पर न्यास के मातृशक्ति प्रकोष्ठ द्वारा गणगौर का भव्य बाना निकालकर 40 सौभाग्यवती महिलाओं के गणगौर व्रत का सामूहिक उद्यापन किया गया. इस मौके पर समाज की 300 से अधिक महिलाओं ने परम्परागत परिधान में सज-धजकर ढोल-ढमाकों सहित सियाराम बाबा मंदिर से 60 फीट रोड, पेट्रोल पंप के पास से होते हुए विद्याधाम तक भव्य बाना भी निकाला.





न्यास के अध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा एवं महामंत्री सुरेश शर्मा 'काका' ने बताया कि रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में मातृशक्ति प्रकोष्ठ कि ओर से सरस्वती शर्मा, भारती शर्मा, साधना शर्मा, सुमित्रा शर्मा, अनीता भंडारी, स्वाति शर्मा, जया शर्मा, रंजना शर्मा, दीपा शर्मा, प्रीति पंडित, प्रीति शर्मा एवं हेमा शर्मा सहित प्रकोष्ठ की बहनों ने गणगौर महोत्सव की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देकर पूरे जोश एवं उत्साह के साथ इस पर्व को आत्मसात किया. महिलाओं और युवतियों के अनेक युगल इसर और गौर के रूप में श्रृंगारित होकर बग्घियों में विराजित थे. गणगौर के बाने में महिलाओं ने गणगौर को मस्तक पर धारण कर नाचते-गाते हुए अपनी प्रसन्नता व्यक्त की. बाने में महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था. अध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा, सुरेश शर्मा काका, डॉ. लोकेश जोशी एवं प्रमोद जोशी, धर्मेश शास्त्री, विनय शर्मा आदि ने सभी व्यवस्थाओं में समन्वय बनाते हुए इस महोत्सव को अभूतपूर्व बनाने में योगदान किया.

## अग्रवाल हिन्डोनिया महिला मंडल द्वारा गणगौर व्रत का सामूहिक उद्यापन, रंगारंग बाना निकला



**इंदौर.** श्री अग्रवाल हिन्डोनिया पंचायत महिला मंडल के तत्वावधान में मल्हारगंज तेलीबाखल स्थित पंचायत भवन पर गणगौर व्रत का सामूहिक उद्यापन समारोह उमा गोपाल गोयल के मार्गदर्शन में आयोजित कर तेलीबाखल से दलिया पट्टी होते हुए ढोल ढमाकों सहित गणगौर का रंगारंग बाना निकाला गया. इसमें श्रीमती पिंकी अग्रवाल, रश्मि गोयल, प्रीति गोयल, लता गोयल, श्रद्धा भगवान एवं शैली मित्तल सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. इस अवसर पर महिलाओं ने गणगौर का पूजन कर दोहे भी सुनाए और अपने व्रत का उद्यापन भी किया. श्रीमती उमा गोपाल गोयल ने उत्सव की सभी व्यवस्थाओं को बहनों के सहयोग से संभाला और एकदूसरे को गणगौर व्रत पर बधाई एवं शुभकामनाएँ सौंपी.